प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 08.03.2026
समय : 01:00 पी.एम.

सेना के सप्तशक्ति कमान की ओर से आज चूरू में गौरव सेनानी समारोह आयोजित किया जा रहा है। रण बांकुरा डिविजन की ओर से हो रहे समारोह को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना लगातार मजबूत हो रही है। केन्द्र सरकार के प्रयासों से आज देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है। उन्होंने विभिन्न सैन्य ऑपरेशनों का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने साहस और सेवा का परिचय दिया है। श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सेना नवीनतम तकनीक के साथ लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है।

मुख्यमंत्री ने वर्ष 1971 के भारत पाक युद्ध के दौरान चूरू के लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड के योगदान को याद किया। श्री शर्मा ने उनके सम्मान में चूरू खेल स्टेडियम का नाम बदलकर लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह स्टेडियम करने की घोषणा की। इससे पहले समारोह में 6 हजार से ज्यादा पूर्व सैनिक रैली में शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व सेनिकों, वीर नारियों और वीरांगनाओं के लिए मेगा मेडिकल कैम्प भी रखा गया है। इस अवसर पर सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगायी गई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नारी शक्ति की उपलब्धियां देश के लिए गौरव का स्रोत हैं साथ ही राष्ट्र निर्माण में उनकी परिवर्तनकारी भूमिका को दर्शाती हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोशल मीडिया पर संदेश में श्री मोदी ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे अवसर सृजित करने के लिए प्रतिबद्ध है जिससे प्रत्येक महिला अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सके और भारत के विकास की यात्रा में योगदान दे सके। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। राज्यस्तरीय समारोह हनुमानगढ़ में रखा गया है जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से सहायता राशि हस्तांतरित करेंगे। इसी कडी में विभिन्न जिलों में खेलो इंडिया के तहत विभिन्न आयु वर्ग की महिला खिलाडियों के लिए अस्मिता लीग के तहत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। बाडमेर में सरकारी जिला अस्पताल में संगोष्ठी रखी गई है। भरतपुर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में महिलाओं के सामाजिक संगठनों की ओर से म्यूजिकल डांस और फूलों की होली खेली जा रही है। महिलाओं को केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।

रणथम्भौर बाघ परियोजना के खण्डार रेंज में आज एक बाघिन मृत पाई गई। घोडा घाटी वन क्षेत्र में वन कर्मियों ने ट्रेकिंग के दौरान इसकी पहचान बाघिन टी–94 के रूप में की। टी–94, बाघिन टी–63 की संतान है। इसकी आयु करीब 11 वर्ष थी। ये बाघिन इंडाला, खटोला, ओदीखोह, घोडा घाटी और फरिया क्षेत्र में विचरण करती थी। बाघिन का वन अधिकारियों की मौजूदगी में राजबाग नाका पर पोस्टमार्टम किया जायेगा।

प्रदेश में मार्च की दस्तक के साथ ही गर्मी का असर बढने लग गया है। दिन में आसमान साफ रहने से सूरज की तपिश बढ़ गई है और पश्चिमी जिलों में हल्की गर्म हवा भी चलने लगी हैं। बीते 24 घंटों में सबसे ज्यादा 39 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान बाडमेर में दर्ज हुआ। वहीं जैसलमेर में पारा 39 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस तक मापा गया। इसके अलावा बीकानेर, श्रीगंगानगर और जोधपुर में भी तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। मौसम केंद्र के अनुसार आगामी एक सप्ताह में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ोतरी होने की संभावना

है। विभाग ने 10 से 11 मार्च के बीच पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में लू चलने की भी संभावना जताई है।

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का खिताबी मुकाबला आज भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। ये मैच शाम 7 बजे अहमदाबाद में खेला जायेगा। भारतीय टीम चौथी बार जबकि न्यूजीलैंड दूसरी बार प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है।

इससे पहले भारत ने रोमांचक सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सात रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है।